दंतेवाड़ा पहला ज़िला जहाँ मिलेगी वायरोलॉजी लैब की सुविधा

चर्चा में क्यों?

11 जुलाई, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग में दंतेवाड़ा ऐसा पहला ज़िला चिकित्सालय होगा जहां पर वायरोलॉजी लैब की सुविधा प्रारंभ होने जा रही है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वायरोलॉजी लैब के स्थापना के पश्चात् ज़िला चिकित्सालय में हेपेटाइटिस बी एवं सी की जाँच की जाएगी।
- पहले हेपेटाइटिस जाँच के पश्चात् मरीजों का रैपिड टेस्ट में पॉजिटिव होने पर आगे की जाँच के लिये एम्स भेजा जाता था। जहाँ रिपोर्ट आने में माह भर का समय लग जाता था। निजी लैब संस्थानों में यह जाँच कराने में लगभग 10 से 15 हज़ार रुपए की राशि खर्च हो जाती थी।
- अब दंतेवाड़ा ज़िला चिकित्सालय के वायरोलॉजी लैब में यह जाँच निःशुल्क की जाएगी, जिससे मरीजों को फायदा मिलेगा और महीने भर का इंतेजार भी नहीं करना पड़ेगा। रिपोर्ट शीघ्र ही मिल जाएगी।
- इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री के घोषणानुसार ज़िला चिकित्सालय में सिटीस्केन की सुविधा शुरू हो गई है, जिसका लाभ दूर-दूर के ग्रामीणजन उठा रहे हैं। अब इसके लिये जगदलपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।
- विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये विशेष प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण, स्व-रोजगार के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dantewada-to-be-the-1st-district-with-virology-lab-facility